reservoirs where feasible for multipurpose uses.

(b) No Sir. At present, there is no Flood Control project posed to World Bank.

दिल्ली में नार्थ-ट्रंकसीवर का रुक जाना

7465. श्री त्रिलोक चन्द्र : क्या निर्माण और आवास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली में नार्थ-ट्रंकसीवर माल रोड से यमुना के निकट शोधन संयंत्र तक रुका पड़ा है ;

(ख) यदि हां, तो इसे किन कारणों से साफ नहीं किया गया है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि नार्थ ट्रंक सीवर के रुक जाने के कारण इस सीवर का सारा गन्दा पानी उस मैन होल को तोड़ कर नजफगढ़ नाले में गिराया गया है जिससे यमुना का पानी सीधा प्रदूषित होता है; और

(घ) इस प्रदूषण को रोकने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है ?

संसदीय कार्य तथा निर्माण और आवास मंत्री (श्री भीष्म नारायण सिंह) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

(ग) दिल्ली जल प्रदाय तथा मल-व्ययन संस्थान ने सूचित किया है कि माल रोड़ के ऊपर की तरफ दो मेन होल्स क्षतिग्रस्त /पंक्चर हो गए हैं जिसके कारण कुछ मल नजफगढ़ नाले में बहता है ।

(घ) दिल्ली नगर निगम के द्वारा नजफगढ़ नाले में मल-गन्दगी के बहने को रोकने के लिए अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित कदम उठाये जा रहे हैं : —

(1) उत्तरी दिल्ली के मुख्य सीवर की मरम्मतें की जा रही हैं ।

(2) नजफगढ़ नाले में बहने वाली गन्दगी का माल रोड़ के समीप मुख्य सीवर में पम्प से फेंका जाता है ।

(3) बहाव का अंश पम्प से बाहर निकाला जाता है और नजफगढ़ नाले के आखरी छोर पर प्रकसीकृत तालाबों में शोधन किया जाता है ।

(4) उत्तरी तथा पश्चिमी दिल्ली में नजफगढ़ नाले के किनारों पर अतिरिक्त निस्त्राव को बहाने के लिए नई मुख्य सीवर लाईन बिछाई जा रही है । पम्पिंग स्टेशन और राईजिंग मेन का कार्य प्रगति पर है ।

(5) पश्चिमी दिल्ली में एक उप-सीवर बिछाया जा रहा है ।

(6) रिठाला में मल पम्पिंग से सम्बद्ध कार्यों सहित एक पम्पिंग स्टेशन तथा एक नया मल शोधन संयन्त्र भी लगाया जा रहा है ।

दूध की प्रति व्यक्ति मांग

7466. श्री चतुर्भुज : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उपलब्ध दूध की मात्रा की तुलना में इसकी प्रति व्यक्ति मांग कितनी है ;

(ख) दूध की वार्षिक मांग कितनी है, तथा वर्ष में कुल कितना दूध उपलब्ध होता है; और

(ग) क्या दूध की कमी दूर करने के लिए छठी पंचवर्षीय योजना में कोई योजना

बनाई गई है और यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ?

कृषि ग्रामीण विकास मंत्रालयों में राज्य मंत्री (श्री आर० वी० स्वामीनाथन) : (क) राष्ट्रीय कृषि आयोग (1976) ने पोषक तत्वों को औसत न्यूनतम आवश्यकता के रूप में प्रतिदिन प्रति व्यक्ति 201 ग्राम दूध की सिफारिश की है । इसकी तुलना में 1979-80 में प्रतिदिन प्रति व्यक्ति के लिए 125 ग्राम दूध की उपलब्धि होने का अनुमान लगाया गया था ।

(ख) राष्ट्रीय कृषि आयोग (1976) ने क्रय शक्ति /आय की लोच के आधार पर दुग्ध की सकल वार्षिक मांग के दो प्रकार के आंकड़ों का अनुमान लगाया है जो वर्ष 1985 के लिए 333.7 और 441.7 लाख मीटरी टन दूध है । 1979-80 में कुल 302 लाख मीटरी टन दुग्ध उत्पादन का अनुमान लगाया गया था और वर्ष 1984-85 के लिए 380 लाख मीटरी टन दुग्ध-उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ।

(ग) उक्त लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए छठी योजना में शामिल किये गए प्रमुख कार्यक्रम ये हैं :—

(1) सघन पशु विकास परियोजनाएं और मूल-ग्राम योजना ;

(2) गोपशु और भैंस प्रजनन उधमें को स्थापना ;

(3) हिमित वीर्य सांड केन्द्र । हिमित वीर्य बैंकों की स्थापना ;

(4) बढ़िया नस्ल के प्रजनन सांडों का उत्पादन करने के लिए सन्तति परीक्षण योजना ;

(5) विदेशी डेरी पशुओं से पशुओं का संकर प्रजनन और हिमित वीर्य तकनीकों के इस्तेमाल से भैंसी की नस्लों का उन्नत बनाना ;

(6) द्विपक्षीय सहायता प्राप्त पशु विकास परियोजनाएं ;

(7) आपरेशन फ्लड-2 एक बड़े पैमाने का पशु एवं डेरी विकास कार्यक्रम ;

(8) दाने-चारे के संसाधनों में परिमाणात्मक/गुणात्मकसुधारकरनेके उपाय ।

New Self Financing Schemes by DDA

7467. SHRI BHAUSAHEB THORAT: Will the Minister of WORKS AND HOUSING be pleased to state:

(a) how many Self-Financing Schemes for Housing in Delhi by DDA are in vogue and how many persons are registered against each of these schemes and how many out of these have been provided houses so far;

(b) is there any proposal to introduce any new Self Financing Scheme for persons who have not been able to register themselves so far with the DDA; and

(c) if so, when and what are the details thereof?

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND WORKS AND HOUSING (SHRI BHISHMA NARAIN SINGH): (a) The DDA has reported that five self financing schemes have so far been opened as per details given below:—

Name of the Scheme		No. of persons registered
Self Financing Scheme	I	2743
,,	II	4393
,,	III	3616
,,	IV	8615
Special Self Financing the Scheme for Retiring Retired Public Servants		570

It has also reported that 8834 flats have so far been allocated to the registrants.